FLORENCE INTERNATIONAL SCHOOL
CLASS- VI
WORKSHEET NO: 2
HINDI

NAME: **DATE: 31/03/2020**

अपठित गद्यांश

खण्ड - क

प्र.१ निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

संसार के प्राणियों के लिए ऊर्जा परम आवश्यक है। पेड़-पौधे सूर्य से ऊर्जा ग्रहण करते हैं। सूर्य से प्राप्त होने वाली ऊर्जा सौर ऊर्जा कहलाती है। समस्त प्राणी जीवन यापन के लिए प्रकृति पर निर्भर रहते हैं। उसके विभिन्न स्रोतों में ऊर्जा के पारंपरिक स्रोत लकड़ी, कोयला, पेट्रोल, मिट्टी का तेल आदि हैं। आधुनिक युग में विज्ञान ने ऊर्जा के जो नए स्रोत खोज निकाले हैं, उन्हें गैर पारंपरिक स्रोत कहा जाता है। ईंधन वाली ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जल ऊर्जा, गैस ऊर्जा, सौर ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा, भूतापीय ऊर्जा आदि गैर पारंपरिक ऊर्जा के स्रोत हैं। पारंपरिक स्रोतों से प्राप्त होने वाली ऊर्जा की कमी के कारण ही गैर पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों की खोज की जा रही है।

क) सूर्य से प्राप्त होने वाली ऊर्जा को कहते हैं -
- अ) परमाणु ऊर्जा ब) जल ऊर्जा
- स) सौर ऊर्जा द) पवन ऊर्जा

ख) समस्त प्राणी जीवन यापन के लिए निर्भर करते हैं -
- अ) प्रकृति पर ब) भगवान पर
- स) भाग्य पर द) सूर्य पर

ग) पारंपरिक ऊर्जा का स्रोत नहीं है -
- अ) लकड़ी ब) पेट्रोल स) कोयला द) बिजली

घ) विज्ञान ने ऊर्जा के जो नए स्रोत निकाले हैं, उन्हें कहते हैं -
- अ) पारंपरिक स्रोत ब) गैर पारंपरिक स्रोत
- स) प्राकृतिक स्रोत द) कृत्रिम स्रोत

ङ) पेड़-पौधे ऊर्जा ग्रहण करते हैं -
- अ) मनुष्य से ब) चन्द्रमा से स) सूर्य से द) जानवरों से